तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री से.
न्यूनतम 28.8 डिग्री से.

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 10 जून 2026

11 करंट से गाय की मौत के बाद बदला स्थान, भारी मात्रा में कूड़ा डालने पर जताया विरोध

12 मानसून नजदीक आने से लोगों को सताने लगी चिंता, गंदगी से सरोबार नाले, उफान मार रहे


## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने खुर्शीद नगर में मारपीट करने और धमकी देने के मामले में महिला सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मारपीट में घायल व्यक्ति के बयान पर पुलिस ने 28 मई को कई आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। आपसी कहासुनी के बाद मारपीट की गई थी। इस मामले में पुलिस ने खुर्शीद नगर निवासी भूपसिंह, नंदकुमार, बलवान व सत्यवती को गिरफ्तार किया है। मामले की तफ्तीश में शामिल करने के बाद चारों आरोपियों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में एक काबू

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता की शिकायत पर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों के बीच बात सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने 7 अप्रैल को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने गुरुग्राम के हरसोली निवासी अनुज को गिरफ्तार किया है। उसे पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों को अंजाम देने के आरोपी दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। जाटूसाना थाना पुलिस ने 3 जून को दर्ज किए गए मामले में आरोपी वाहन चालक कहाड़ी निवासी लोकेश को गिरफ्तार किया है। थाना खोल पुलिस ने जैसलमेर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे के बाद 5 जून को दर्ज किए गए मामले में बोहका निवासी सर्वर सिंह को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में ट्रैक्टर सवार की मौत हो गई थी। पुलिस ने आरोपी की पिकअप गाड़ी भी कब्जे में ले ली।

### मारपीट मामलों के दो पुलिस गिरफ्त में

**रेवाड़ी।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कारोली में हुए आपसी झगड़े के बाद कोसली थाना पुलिस ने घायल के बयान पर 8 जून को केस दर्ज किया था। इस मामले में कारोली निवासी रजत को गिरफ्तार किया गया है। सिटी पुलिस ने बास सिताबराय निवासी आजाद को 23 मई को दर्ज किए गए मामले में गिरफ्तार किया है। उस पर मारपीट करने और धमकी देने का आरोप है। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### दो साल बाद हत्थे चढ़ा वाहन चालक

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने सड़क हादसे को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हुए एक वाहन चालक को लगभग दो साल बाद गिरफ्तार किया है। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर हुए हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने 21 अगस्त 2024 को केस दर्ज करने के बाद चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू किए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के थड़ा गांव निवासी दिनेश को दो साल बाद गिरफ्तार किया है।

### खेत में बने मकान से नकदी व जेवर चोरी

**रेवाड़ी।** कनुका गांव में चोर खेतों में बने मकान से नकदी व जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में कनुका निवासी गुड्डी ने बताया कि वह खेत में बने मकान में रहती है। उसके मकान के कमरे का दरवाजा नहीं है। वह किसी काम से खेत से गांव में आई थी। वापस खेत में पहुंची तो कमरे में रखे पलास्टिक के ड्रम से 50 हजार रुपये सोने के कुंडल गायब मिले।


रेवाड़ी। अंधड से नारनौल रोड पर गिरा बिजली का पोल व रुक बसें। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। नारनौल रोड पर अंधड से गिरा पेड़। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। बावल में अंधड से गिरा ट्रांसफार्मर व पोल। फोटो : हरिभूमि

**बावल क्षेत्र में काफी नुकसान, कई ट्रांसफार्मर पोल गिरे, शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बाधित**

# आंधी ने खुलकर बरपाया कहर, कई जगह टूटे बिजली के पोल-पेड़, प्लास्टर गिरने से एक घायल

## फायर बिग्रेड ऑफिस के सामने कार पर गिरा पेड़, नारनौल व महेन्द्रगढ़ रोड पर जेसीबी से हटाए टूटकर गिरे पेड़ व पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मंगलवार शाम जिले में आए जबरदस्त अंधड-बरसात से जन-जीवन प्रभावित हो गया। जिले के कई इलाकों में दर्जनों बिजली के पोल, पेड व ट्रांसफार्मर गिरकर सड़क पर आ गए, जिससे यातायात बाधित होने के साथ बिजली बाधित होने से रात भर अंधेरा छाया रहा। अंधड से बावल क्षेत्र में ढाबा सहित नए भवन का प्लास्टर गिर गया। भवन के नीचे रेहड़ी लगाकर खड़े एक व्यक्ति को सिर में काफी चोटें आई, आसपास के लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। बिजली निगम के कर्मचारियों ने बिजली आपूर्ति बहाल करने के काफी प्रयास किए, लेकिन रात के समय पोल बदलना संभव नहीं हो पाया। मंगलवार शाम को अचानक तेज अंधड के बाद तूफानी बारिश शुरू हो गई। इसके बाद बरसात देर रात तक रुक-रुक कर जारी रही। शाम को आंधी आने से कई स्थानों पर पेड़ व बिजली के पोल टूटकर सड़क पर गिर गए। बावल क्षेत्र में कई ट्रांसफार्मर पोल टूटने के बाद जमीन पर गिरकर खराब हो गए। आंधी आने के बाद बिजली फीडरों को बंद कर दिया गया था। आंधी बंद होने के बाद फीडरों को चालू करने के प्रयास किए गए, तो बड़ी संख्या में फीडर नहीं चल सके। इससे रात भर लोगों को अंधेरे में रहना पड़ा। भारी गर्मी के बीच लाइट गुल हो जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली के लंबे समय तक गायब रहने के कारण इन्वर्टरों ने भी काम करना बंद कर दिया। नारनौल व महेन्द्रगढ़ रोड कई पेड़ व बिजली के पोल सड़क पर गिर जाने के कारण यातायात भी प्रभावित हो गया। बरसात रुकने के बाद जेसीबी की सतायता से सड़क पर गिरे पेड़ों व बिजली के पोल को हटाया गया।




रेवाड़ी। बावल में अंधड से गिरा ट्रांसफार्मर सहित पोल। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। रेवाड़ी में राव फायर ब्रिगेड कार्यालय के सामने कार पर गिरा पेड़।

### बरसात के साथ कई जगह मामूली ओलावृष्टि

मंगलवार दोपहर तक जहां भीषण गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ाने का काम किया, वही शाम के समय अचानक मौसम बदलने से अंधड़ व बरसात के साथ मामूली ओलावृष्टि भी हुई। बरसात व ओलावृष्टि से मौसम सुहावना हो गया, जिसके बाद चली ठंडी हवाओं ने लोगों का गर्मी से राहत दी। हांलाकि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 43 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 2.8 की वृद्धि के साथ 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### जान माल की हानि हाने से बची

मंगलवार शाम को आए तेज अंधड़ से शहर के कई मार्गो पर पेड़ गिर गए। अंधड से नाईवाली चौक के पास स्थित फायर बिग्रेड ऑफिस के सामने खड़ी कार पर पेड़ टूटकर गिर गया। गनीमत ये रही की कार के अंदर कोई मौजूद नहीं था, जिससे जान माल की हानि हाने से बच गई।

### बावल क्षेत्र में हुआ काफी नुकसान

बावल क्षेत्र में अंधड से दर्जनों जगह पेड़, बिजली पोल व टांसफार्मर गिर गए। बाजार में कई पेड़ों की टहनियां टूटकर व्हीकलों पर आ गिरी। वहीं बाजार में एक ढाबे की छत पूरी तरह तहस-नहस हो गई। इसके अलावा बावल में नगर पालिका की ओर से निर्मित चार मंजिला शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की पीवीसी फाइबर की दीवार की सीट टूटकर नीचे आ गिरी, जिससे भवन के साथ रेहड़ी लगाकर खड़े गांव रसियावास निवासी ताराचंद घायल हो गया। बिजली पोल व ट्रांसफार्मर गिरने से क्षेत्र के कई स्थानों में देर रात तक बिजली व्यवस्था ठप रही।






# अवैध निर्माणों पर कार्रवाई, विकसित हो रहा रिसोर्ट किया जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीटीपी विभाग की टीम ने मंगलवार को पटौदी रोड की राजस्व सीमा में अवैध रिसोर्ट व ग्रीन बेल्ट में बने निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में हडकंप मंच गया। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। डीटीपी की लगातार कार्रवाई के बावजूद लोग अवैध निर्माण कर रहे है। डीटीपी के निर्देश पर मंगलवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम रेवाड़ी-पटौदी बोलनी रोड स्थित गांव चिल्हड़ में पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने अवैध रूप से विकसित हो रहे रिसोर्ट व 30 मीटर ग्रीन बेल्ट में बने अवैध निर्माणों को जमींदोज कर दिया।


रेवाड़ी। अवैध रिसोर्ट को तोड़ते हुए जेसीबी, ग्रीन बेल्ट में निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### अवैध निर्माणों पर जारी रहेगी कार्रवाई: सिहाग

डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लोग अवैध निर्माण करने से बचें। ऐसे निर्माणों पर विभाग की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। आमजन नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।



### ट्रैक्टर की बैट्री चोरी करके भाग रहा था, ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**रेवाड़ी।** कालूवास गांव में सोमवार देर सांय एक ट्रैक्टर की बैट्री चोरी करने के बाद स्कूटी से भाग रहे आरोपी को ग्रामीणों ने मौके पर ही दबोच लिया। बाद में उसे रामपुरा थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश करते हुए जेल भेज दिया। कालूवास निवासी रामखिलारी रात को खाना खाने के बाद अपने प्लॉट की ओर जा रहा था। जब वह निहाल के मकान के पास पहुंचा, तो एक युवक घर के बाहर खड़े निहाल के ट्रैक्टर की बैट्री निकालकर स्कूटी से भागने लगा। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग वहां आ गए। ग्रामीणों ने चोर को मौके पर ही पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर जाकर आरोपी से पूछताछ की तो उसने अपना नाम यादव नगर निवासी नरेश बताया। आरोपी को स्कूटी व चोरी की बैट्री सहित काबू कर लिया गया। चोरी का केस दर्ज करने के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### नौकरी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी जेल भेजा

**रेवाड़ी।** थाना बावल पुलिस ने महिला को नौकरी दिलाने का झांसा देकर दुष्कर्म का शिकार बनाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पुलिस को दर्ज शिकायत में एक गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया था कि एक कंपनी में काम करने वाले नौचाना रोड बावल के पास रह रहे राजस्थान के बदीन करोड़ा निवासी सुंदरलाल ने उसे दुष्कर्म का शिकार बनाया। पुलिस शिकायत करने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी। सुंदरलाल एक कंपनी में कार्यरत था। पुलिस ने महिला की शिकायत पर गत 3 अप्रैल को दुष्कर्म का केस दर्ज किया था। केस दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने जांच के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया।

## तहसील में सीएम विंडो की शिकायतों की जांच की, रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेजी

# तहसील परिसर में सीएम फ्लाइंग की रेड, मचा हड़कंप

- जांच के दौरान 31 कर्मचारी ड्यूटी से नदारद पाए गए, जबकि कई कर्मचारी देरी से कार्यालय पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मंगलवार सुबह तहसील परिसर में उस समय हड़कंप मच गया, जब सीएम फ्लाइंग चेकिंग के लिए पहुंच गई। जांच के दौरान तहसील परिसर के 31 कर्मचारी ड्यूटी से नदारद पाए गए, जबकि कई कर्मचारी देरी से कार्यालय पहुंचे। रिकार्ड की जांच करने के बाद सीएम फ्लाइंग ने रिपोर्ट तैयार करते हुए उसे मुख्यालय को प्रेषित कर दिया। ऑफिस खुलने के कुछ समय बाद ही सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर दीनदयाल यादव पब्लिक हेल्थ के एसडीओ विनोद बागड़ी को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में साथ लेकर अपनी टीम के साथ तहसील परिसर पहुंच गए। टीम के पहुंचते ही तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। टीम ने हाजिरी रजिस्टर कब्जे में लेकर कार्यालय के कर्मचारियों से मिलान किया, तो 31 कर्मचारी ड्यूटी से गैर हाजिर मिले। हालांकि बाद में कुछ कर्मचारी देरी से ऑफिस पहुंच गए। सीएम फ्लाइंग ने लगभग 3 घंटे तक तहसील परिसर का रिकार्ड खंगाला।

इस दौरान इंतकाल और रजिस्ट्रियों से संबंधित फाइलों की जांच की गई। सीएम फ्लाइंग के रहते तहसील परिसर के कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।


रेवाड़ी। तहील परिसर में कार्रवाई करते हुए सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो : हरिभूमि

### सीएम विंडो की शिकायतों पर जांच

सीएम फ्लाइंग के इंस्पेक्टर दीन दयाल ने बताया कि तहसील परिसर में सीएम विंडो व समाधान शिविर से जुड़ी कई शिकायतें लंबित पाई गई हैं। कई अन्य मामलों में भी अनियमितताएं उजागर हुई हैं। इनकी रिपोर्ट तैयार करने के बाद चंडीगढ़ मुख्यालय को प्रेषित की गई है।

### पीजी में रह रहे कंपनी कर्मचारी का सामान चोरी

**रेवाड़ी।** सेक्टर-4 में एक पीजी में रह रहे कंपनी कर्मचारी का हजारों रुपये का सामान चोरी हो गया। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में यमुनानगर के जठलाना निवासी लवीश कुमार ने बताया कि वह राजस्थान के नीमराना की एक कंपनी में नौकरी करता है। उसने पीजी में कमरा किराए पर लिया हुआ है। रात को वह कमरा खुला रखकर सो रहा था। सुबह जब उठा तो कमरे से काफी सामान गायब मिला। पीजी के सीटीवीटी कैमरे की फुटेज चेक की, तो दो युवक सामान चोरी करते हुए नजर आए। उसने पुलिस को फुटेज उपलब्ध करा दी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की पहचान कराने के प्रयास शुरू कर दिए।



## धमाल 4 का पोस्टर जारी, अजय की पीठ पर बेताल की तरह संजय

**मुंबई।** लोकप्रिय और सफल कॉमेडी फिल्म 'धमाल' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म धमाल 4 का पोस्टर जारी हो गया है जिसमें पागलपन भरे मनोरंजन की झलक अभी से साफ दिखने लगी है। फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा और जावेद जाफरी के अलावा ढेर सारे कलाकार हैं। फिल्म 'धमाल 4' सिनेमाघरों में उम्मीद से पहले रिलीज हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्ममेकर्स ने इसकी रिलीज डेट एक हफ्ते पहले करने का फैसला किया है। पहले यह फिल्म 17 जुलाई को रिलीज होने वाली थी। अब इसे 10 जुलाई को रिलीज करने की प्लानिंग है। कहा जा रहा है कि 'अल्फा' 3 जुलाई को रिलीज हो रही है इसलिए 10 जुलाई का स्लॉट खाली है।

लाइफ Style

# जान्हवी

## पेद्दी से हटाए गए बोल्ड रोमांटिक सीन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

फिल्म 'पेद्दी' 04 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में जान्हवी कपूर और राम चरण लीड रोल में हैं। हालांकि, फिल्म में जान्हवी के सीन को लेकर काफी आलोचना हुई हैं। इसके बाद उनके बोल्ड सीन फिल्म से हटा लिए गए हैं।

राम चरण और जान्हवी कपूर की फिल्म 'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म की तारीफ हो रही हैं। मगर, साथ ही आलोचनाएं भी हो रही हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर को जिस तरह दिखाया गया है, उस पर विवाद शुरू हो गया। 'पेद्दी' में अभिनेत्री के कुछ गैर-जरूरी और बेहद बोल्ड सीन हैं। इसे लेकर सोशल मीडिया पर निर्देशक और मेकर्स को ट्रोल किया गया। निर्देशक बुची बाबू सना ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि जान्हवी कपूर के रोल को लेकर हुई आलोचना के बाद उन्होंने आखिरकार 'पेद्दी' से विवादित सीन हटा दिए हैं।

यह कदम उन शॉट्स और रोमांटिक सीन पर आपत्तियों के बाद उठाया गया, जिन्हें महिलाओं के प्रति अपमानजनक माना गया था। निर्देशक ने कहा कि जान्हवी कपूर को बहुत ज्यादा बोल्ड दिखाने वाले हिस्सों पर सोशल मीडिया पर हुए हंगामे के बाद उन्होंने 'पेद्दी' से कुछ सीन हटा दिए हैं। निर्देशक बुची बाबू ने 'इंडियन एक्सप्रेस' के साथ एक इंटरव्यू में कहा कि जान्हवी वाले कुछ सीन को लेकर गलतफहमी बढ़ गई थी। जान्हवी के किरदार 'अचियम्मा' को कई लोगों ने गलत समझा। दर्शकों ने 'अचियम्मा' के किरदार को लिखे जाने के तरीके पर सवाल उठाए थे।



हॉलीवुड मसाला



## नोलन की फिल्म के टिकट की कीमत ₹3300

**लॉस एंजिल्स।** इंटरस्टेलर, ओपेनहाइमर और इंसेप्शन' फेम दिग्गज डायरेक्टर क्रिस्टोफर नोलन अपने अब तक के सबसे बड़े प्रोजेक्ट 'द ओडिसी' के साथ वापस आ रहे हैं। उनकी यह फिल्म 17 जून को दुनियाभर में रिलीज होने वाली है। वहीं, फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू होते ही इसके टिकट की कीमत ने हर किसी को दंग कर दिया है। देश के अलग-अलग शहरों में आईमैक्स शोज के लिए अलग-अलग टिकट प्राइस रखी गई है। सबसे हैरान कर देने वाली बात यह है कि मुंबई और पुणे में आईमैक्स स्क्रीन्स की प्रीमियम सीटों के लिए एक टिकट की कीमत 3,300 रुपए तक रखी गई है।



## कैटी और जस्टिन ट्रिबेका फेस्टिवल में साथ हुए शामिल

**लॉस एंजिल्स।** ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में सिंगर कैटी पेरी और कनाडा के पूर्व प्रधानमंत्री ने रेड कारपेट पर साथ में शिरकत की। यह फिल्म फेस्टिवल न्यूयॉर्क में हो रहा है। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो एक-दूसरे का हाथ थामे इस इवेंट में दिखे। पैपराजी को उन्होंने रोमांटिक अंदाज में फोटो पोज भी दिए। एक-दूसरे के इश्क में दोनों पूरी तरह से रंगे दिखाई दिए। ट्रिबेका फिल्म फेस्टिवल में कैटी पेरी की नई डॉक्यूमेंट्री 'कैटी पेरी: द लाइफटाइम्स टूर लाइव फ्रॉम पेरिस' का प्रीमियर हुआ। बॉयफ्रेंड जस्टिन ट्रूडो कैटी पेरी को सपोर्ट करने इस इवेंट में पहुंचे थे। इस मौके पर दोनों का रोमांस भी फैंस को देखने को मिला। कैटी पेरी और जस्टिन ट्रूडो के अफेयर की खबरें साल 2025 में उड़ी थीं। समर वेकेशन में दोनों को पहली बार साथ देखा गया था। आगे चलकर कैटी पेरी ने जस्टिन ट्रूडो के साथ कुछ फोटो, वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए।



## श्रद्धा ने प्रोफेशनल लुक में शेयर कीं फोटोज

**मुंबई।** मंगलवार को श्रद्धा कपूर ने एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं। वे ऑफिस में बैठी हैं। प्रोफेशनल लुक में तस्वीरें पोस्ट करते हुए श्रद्धा ने कैप्शन लिखा है, 'ऑफिस वाले अटेंडेंस लगाओ'। इसके बाद अभिनेत्री के इस पोस्ट पर यूजर्स कमेंट कर रहे हैं। साथ ही मजेदार सवाल भी कर रहे हैं, जिनमें से कुछ का श्रद्धा कपूर ने भी जवाब दिया है। श्रद्धा कपूर के पोस्ट पर यूजर के ढेरों कमेंट आए हैं। तस्वीरों में श्रद्धा का पालतू कुत्ता भी है। इस पर एक यूजर ने लिखा, 'वह डॉग कितना किस्मत वाला है'। इस पर श्रद्धा ने लिखा, 'मैं लकी हूं उसे पाकर'। एक यूजर ने पूछा, 'दाल चावल खाकर सोने वाले क्या करें'? इस पर श्रद्धा ने लिखा है, 'उनके लिए रिटायरमेंट योजना है'। इसी तरह एक यूजर ने लिखा, 'कंस्ट्रक्शन साइट से अटेंडेंस लगाई है'।



## प्रहार-द उज्ज्वल... की रिलीज डेट जारी

**मुंबई।** फिल्म प्रहार- द उज्जवल निकम स्टोरी' इस साल अगस्त में रिलीज होगी। ट्रेड विश्लेषक तरण आदर्श ने मंगलवार को एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने लिखा है, 'दिनेश विजन और राजकुमार राव एक बार फिर साथ आ रहे हैं। फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। यह फिल्म 7 अगस्त को रिलीज होगी। मैडॉक फिल्म की 'प्रहार' में राजकुमार राव के अलावा वामिका गब्बी, सिकंदर खेर और जयदीप अहलावत जैसे सितारे भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के निर्देशन की कमान अविनाश अरुण संभालेंगे। बता दें कि 'प्रहार' एक बायोग्राफिकल फिल्म है। यह फिल्म देश के सबसे प्रसिद्ध वकीलों में से एक उज्ज्वल निकम के जीवन से प्रेरित है।

टीवी मसाला



## टीवी पर नहीं लौटूंगा, बंधना नहीं चाहता : राकेश बेदी

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में तारक मेहता के बॉस का किरदार निभाने वाले दिग्गज अभिनेता राकेश बेदी ने हाल ही में असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात की। एक्टर ने यह भी बताया कि वह टीवी पर रेगुलर रोल्स क्यों नहीं करना चाहते। एक बातचीत में राकेश ने कहा कि वह टीवी कॉन्ट्रैक्ट से बंधे नहीं रहना चाहते और 'तारक मेहता' में कम भुगतान मिलने के बारे में मजाकिया अंदाज़ में बात की। असित कुमार मोदी के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, 'दोस्ती आपसी सम्मान और तारीफ पर टिकती है। वरना यह टिकती नहीं, खासकर हमारी इंडस्ट्री में जहां हर कोई प्रोफेशनल है और लगातार आगे बढ़ने की कोशिश कर रहा है। लोग अक्सर गलाकाट कॉम्पटिशन की बात करते हैं, लेकिन मैं इसमें विश्वास नहीं करता। मुझे लगता है कि मेरी प्रतिस्पर्धा सिर्फ खुद से है। मैं हमेशा पहले से बेहतर बनने की कोशिश करता हूं।' हमारी दोस्ती की बात करें तो हम सभी इसलिए जुड़े हुए हैं, क्योंकि असित ने इस शो को बनाया और हमने इसे एक टीम के रूप में मिलकर आगे बढ़ाया। दरअसल, असित और मैंने तारक मेहता से पहले हम सब एक हैं में साथ काम किया था। एक्टर ने असित मोदी पर अपने भरोसे के बारे में भी बात की और 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में कम कमाई करने को लेकर मजाकिया अंदाज़ में कहा, 'जब भी असित को मेरी जरूरत होती है, मैं उनसे अपने रोल के बारे में कभी सवाल नहीं करता, क्योंकि मुझे पता है कि वो मुझे एक अच्छा किरदार देंगे और मेरे लिए अच्छे सीन लिखेंगे। मैं उनसे पैसों के बारे में भी कभी नहीं पूछता।

### बिना फेक ड्रामे के शो चलेगा?

**नई दिल्ली।** टीवी पर सीता, राधा और लक्ष्मी जैसे किरदार निभाकर पहचान बनाने वाली शिव्या पठानिया जल्द रियलिटी शो 'स्पेक्ट्रा' में नजर आएंगी।



दिलचस्प बात यह है कि जिस दौर में रियलिटी शो की पहचान लड़ाई, विवाद और कंट्रोवर्सी से बनती है... उसी दौर में शिव्या ऐसे शो का हिस्सा बनी हैं, जहां इनमें से कुछ भी नहीं है। हालांकि, शुरुआत में उन्हें खुद भी शक था कि बिना फेक ड्रामे के कोई शो ऑडियंस को बांध पाएगा या नहीं। शिव्या ने कहा, 'सच कहूं तो शुरुआत में हमें भी यही लगता था कि बिना फाइट्स और फेक ड्रामे के क्या शो लोगों को एंटरटेन कर पाएगा? क्योंकि आजकल हर जगह वही देखने को मिलता है। लेकिन, जब हमने इस जर्नी को करीब से जिया तो महसूस हुआ कि लोगों को सिर्फ शोर नहीं चाहिए। लोग असली इमोशंस भी देखना चाहते हैं। कलाकारों की मेहनत, उनकी परेशानियां, उनके रिश्ते और उनके स्ट्रगल भी उतने ही दिलचस्प हो सकते हैं। वैसे, हर चीज को वायरल बनाने के लिए विवाद जरूरी नहीं होता।

## नए घर की बालकनी पर खड़े दिखे दीपिका और रणवीर...

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। इनका परिवार बढ़ेगा, ऐसे में बॉलीवुड का यह कपल अपने लिए नया घर बनवा रहा है। हाल ही में अपने नए घर को देखने के लिए दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पहुंचे। इस मौके पर दीपिका का बेबी बंप साफ नजर आया। कपल की सोशल मीडिया पर यह वीडियो और कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं, इन पर फैंस भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। एक वायरल पोस्ट और वीडियो में दीपिका और रणवीर अपने नए घर की बालकनी पर खड़े नजर आ रहे हैं। दीपिका ने व्हाइट शर्ट और पैंट पहनी है। उनका बेबी बंप भी साफ नजर आ रहा है। प्रेग्नेंसी ग्लो दीपिका के चेहरे पर साफ नजर आने लगा है। दीपिका को घर दिखाते हुए रणवीर सिंह काफी उत्साहित दिख रहे थे। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं, यह खुशखबरी कपल ने अप्रैल महीने में फैंस के



साथ शेयर की थी। इससे पहले उनकी एक बेटी दुआ है, वह लगभग दो साल की होने वाली है। हालिया सामने आए वीडियो में दीपिका का बेबी बंप भी साफ नजर आने लगा है। फैंस एक्ट्रेस पर खूब प्यार लुटा रहे हैं, सोशल मीडिया पर रिएक्शन दे रहे हैं। दीपिका पादुकोण शाहरुख खान की फिल्म 'किंग' और अल्लू अर्जुन की फिल्म 'राका' कर रही हैं।

## ऋषिकेश में स्कूटी पर गमछे में चेहरा छिपाकर निकलीं रवीना, जानकी पुल पर लगाने लगीं जयकारे

**नई दिल्ली।** रवीना टंडन हाल ही में ऋषिकेश पहुंचीं, जहां पीले रंग के गमछे से मुंह छिपाकर पहले तो स्कूटी पर बैठीं। साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और 'हर हर महादेव' के जयकारे लगाने लगीं। रवीना टंडन इन दिनों आध्यात्मिक रंग में रंगी दिख रही हैं। एक्ट्रेस ऋषिकेश पहुंचीं, जहां भक्ति का रंग उनपर खूब चढ़ा दिखा। ऋषिकेश की गलियों में रवीना साड़ी में स्कूटी पर नजर आईं। इस दौरान उन्होंने अपना चेहरा पीले रंग के गमछे से छिपा रखा था। यहां स्कूटी से जानकी सेतू पार करती हुई रवीना परमार्थ निकेतन पहुंचीं। बताया जा रहा है कि रवीना यहां अपने दो दिनों की आध्यात्मिक यात्रा पर पहुंची थीं, जिसकी कुछ झलकियां उन्होंने सोशल मीडिया पर भी शेयर कर रखी थीं। हालांकि, इस वक्त उनके उस वीडियो की चर्चा है जिसमें वो जानकी सेतू स्कूटी से पार करते हुए हर हर महादेव



के जयकारे लगा रही हैं। रवीना पहले अपना चेहरा गमछे से छिपाकर स्कूटी पर बैठीं। गमछे पर जय गोमाता जय गोपाल लिखा था। हालांकि, साड़ी पहने रहने के बावजूद रवीना बड़ी आसानी से स्कूटी पर बैठ गईं। हालांकि, उन्हें कुछ लोगों ने पहचान लिया और वे उनके पीछे चलने लगे। जानकी पुल से स्कूटी पर गंगा पार करते हुए आखिरकार रवीना ने गमछा हटा लिया और दोनों हाथों को ऊपर कर महादेव के लिए जयकारे लगाने लगीं। एक्ट्रेस का ये सादा और भक्ति वाला रंग देख वहां मौजूद लोगों को ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर भी सबको काफी अच्छा लग रहा है। उन्हें वहां इस अंदाज में देखकर कई लोकल लोगों और टूरिस्ट ने उन्हें अपने मोबाइल में कैप्चर कर लिया। रवीना सीधे परमार्थ निकेतन पहुंचीं जहां उन्होंने कथा सुनी।

### मामा के सवाल पर छलके थे 12 साल के जतिन के आंसू

## राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था, राजकुमार की तरह पाला

***नई दिल्ली।** राजेश खन्ना को बहुत छोटी सी उम्र में उनके माता-पिता ने किसी और को गोद दे दिया था। ऐसा करने के पीछे एक बड़ी और खास वजह थी। हालांकि, राजेश खन्ना को बचपन में ही गोद लिए माता-पिता ने किसी राजकुमार की तरह पाला था, लेकिन एक दिन उन्हें तब धक्का लगा, जब उनके मामा ने उनसे कुछ ऐसी बातें कही कि वो रोते हुए अपनी मां के पास पहुंचे थे।*

### अंकल-आंटी ने लिया था गोद

राजेश खन्ना को बचपन में ही उनके अंकल आंटी ने गोद ले लिया था। बचपन में लोग उन्हें जतिन खन्ना के नाम से जानते थे। ये बात कम ही लोग जानते हैं कि उन्हें उनके चाचा-चाची ने गोद ले लिया था। इसके पीछे भी एक इमोशनल कहानी है जिसके बारे में एक्टर कभी बात करना पसंद भी नहीं करते थे। बताया जाता है कि जतिन के माता-पिता से चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना ने उन्हें छोटी उम्र में ही उन्हें गोद ले लिया था। दरअसल, खन्ना की असली मां ने उनके जन्म से पहले ही अपने बच्चे को अपनी भाभी को सौंपने का वादा कर दिया था।

### गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे

राजेश खन्ना इस फैक्ट्स के बारे में बात करने से हमेशा बचने की कोशिश करते थे। एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने अपने बचपन में गोद लेने वाले किस्से को टाल दिया करते थे। खन्ना अक्सर जब भी प्रेस से बातें करते थे अपने बचपन के बारे में बात करते समय अलग-अलग किस्से सुनाया करते थे।



### चुन्नीलाल निःसंतान थे

राजेश खन्ना को जिन्होंने गोद लिया था उनका नाम चुन्नीलाल और लीलावती खन्ना है, जो उनके रिश्तेदार यानी चाचा-चाची थे। दरअसल, एक्टर को गोद लेने के पीछे की वजह ये थी कि चुन्नीलाल खन्ना और उनकी पत्नी, निःसंतान थे। इसी वजह से राजेश खन्ना की अपनी मां ने संतान के रूप में उनका यह बच्चा सौंपने का वादा पहले ही कर दिया था।

### दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे

हालांकि, कुछ रिपोर्ट्स ये भी बताते हैं कि जीवन से जुड़े इस राज ने जतिन के दिल और दिमाग पर गहरा असर डाला था। कहते हैं कि उन्हें उनकी मां लीलावती ने किसी राजकुमार की तरह पाला था और उन्हें लगने लगा था कि उनकी हर फरमाइशें पूरी होंगी। ऐसा अक्सर कहा जाता है कि बच्चों की हर फरमाइशें पूरी हों तो वे जिद्दी बन जाते हैं और राजेश खन्ना के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यहीं से उन्हें ये लगने लगा था कि चाहे घर हो या स्कूल हर कोई बस उनपर ही ध्यान दें। जतिन अपनी इस दूसरी मां को चाई जी कहकर बुलाया करते थे।

### जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी

और तो और, बताया जाता है कि अगर अपने मन की न हो तो वो रोना भी शुरू कर देते थे। अब बेशुमार प्यार ने उन्हें भी बिगाड़ा और जतिन की जिद्द हर दिन बढ़ने लगी। उनके बचपन से जुड़ी एक घटना ने उनपर गहरा असर डाला। बताया जाता है कि उनके परिवार के करीब रहे एक शख्स ने इस बारे में बताया था जिसके बारे में बताया था, जिसमें उन्हें मामा से डांट पड़ने की कहानी है। ये वो घटना थी जो उन्हें पूरी जिंदगी याद रह गई।

### *पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी*

*एक इंटरव्यू में राजेश खन्ना ने बताया था कि घर वापस आकर मां से उन्होंने पूछा था कि डिजर्विंग का मतलब क्या होता है, ऐसा क्यों है कि एक बेटा अपने बाप की कुर्सी पर बैठ नहीं सकता? इसके बाद मां लीलावती ने उनसे जो कुछ कहा वो राजेश खन्ना यानी जतिन के दिमाग में गांठ बनकर रह गई। इसके बाद चाई जी ने उनके पिता के स्ट्रगल की पूरी कहानी सुनाई कि कैसे चुन्नीलाल ने एक चॉल में रहकर मुंबई में आगे बढ़ने के लिए संघर्ष किया था। कई साल की मेहनत के बाद वो मामूली से सुपरवाइजर के बाद रेलवे में कॉन्ट्रैक्टर बने थे। फिर चाई जी ने उनसे कहा, 'तुम्हारे मामा ने जो तुम्हें आज लायक बनने की बात कही है, उसका मतलब ये है कि जिस तरह वो मेहनत करके उस कुर्सी तक पहुंचे, तुम्हें भी वैसी ही मेहनत करनी होगी।' उस दौरान पिता की जद्दोजहद की कहानी जतिन ने काफी ध्यान से सुनी थी। चाई जी ने कहा था, 'अगर अपने बुरे वक्त में भगवान को नहीं भूलते तो भगवान भी तुम्हें नहीं भूलता।' उस दिन उन्हें ये सबक समझ आ गया कि उन्हें जिंदगी में जो कुछ चाहिए, उसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।*

## खबर संक्षेप

### जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता

**रेवाड़ी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला की वार्षिक कार्ययोजना के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से 'प्लास्टिक मुक्त हरियाणा-ग्रीन टुडे, सिक्योर टुमॉरो' अभियान के तहत एडीआर सेंटर में विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। इसमें विद्यार्थियों के लीगल-ईको क्लब का गठन कर उन्हें ग्रीन पीएलवी के रूप में प्रशिक्षित किया गया ताकि वे लोगों को जागरूक कर सकें। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डा. रेनू सोलखे तथा पीएलवी प्रियंका यादव ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण से संबंधित कानूनों की जानकारी प्रदान की।

### आईजीयू में एमए संस्कृत के लिए प्रवेश शुरू

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रारंभ किए गए नए कोर्स एमए संस्कृत में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस कोर्स में 60 सीटें उपलब्ध है। विद्यार्थी 20 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। विभाग की ओर से विद्यार्थियों को संस्कृत भाषा, साहित्य, वेद, वेदांग, उपनिषद एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के गहन अध्ययन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। विभागाध्यक्ष प्रो. विजय गुप्ता ने बताया कि संस्कृत विभाग में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। पाठ्यक्रम के माध्यम से संस्कृत पत्रकारिता, अनुवाद, लेखन कौशल तथा शोध अभिरुचि का विकास किया जाता है।

### करंट से गाय की मौत, बदला कूड़ा फेंकने का स्थान, पार्षद ने किया विरोध

# जेई बोले-हमारे पास दूसरी जगह नहीं आप ही बता दें, कहां डलवाएं कूड़ा

**कूड़ा डालने का नया स्थान सिविल अस्पताल के पिछले गेट के पास तय किया गया है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गोल चक्र के पास बिजली ट्रांसफार्मरों के करीब डाले जाने वाले कूड़े का स्थान करंट से गाय की मौत के बाद बदल दिया गया। अब जिस स्थान पर कूड़ा डाला जा रहा है, उसे लेकर वार्ड नं. 10 के पार्षद पवन बठला ने आपत्ति जताते हुए अधिकारियों से कूड़ा उठवाने की मांग की है। अधिकारियों का जवाब है कि उनके पास कूड़ा डालने का और कोई स्थान नहीं है। अगर वह स्थान बता दें, तो कूड़ा वहीं डलवा दिया जाएगा।

गोल चक्र के पास कूड़े के ढेर में पहुंची एक गाय बीते सोमवार को करंट की चपेट में आकर मर गई थी। गौरक्षा दल के सदस्यों ने पार्षद पवन बठला के साथ चेयरमैन निवास पर विरोध जताते हुए कूड़ा उठवाने की मांग की थी। चेयरमैन विनीता पीपल के बेटे ने हंगाम कर रहे लोगों को घर से बाहर निकाल दिया था। चेयरमैन ने आश्वासन दिया था कि अधिकारियों से बातचीत करते हुए समस्या का समाधान कराया जाएगा।

नगर परिषद कर्मचारियों ने मंगलवार को गोलचक्र के पास डाले जाने वाले कूड़े का स्थान सिविल अस्पताल के पिछले गेट की ओर कर दिया। वहां सुबह के समय भारी मात्रा में कूड़ा डाल दिया गया। पार्षद पवन बठला ने इसका विरोध किया। उन्होंने नगर परिषद के जेई वीरपाल से कूड़ा इस स्थान पर नहीं डालने की बात कही, तो जेई ने जवाब दिया कि उनके पास कूड़ा डालने के लिए कोई जगह नहीं है। अगर वह स्थान बताएं, तो कूड़ा वहीं डलवा दिया जाएगा।





रेवाड़ी। करंट से गाय की मौत के बाद दूसरी जगह डाला गया कचरा व सड़क पर भारी मात्रा में पड़ा कचरा। फोटो : हरिभूमि

**चेयरमैन ने अधिकारियों से बातचीत करते हुए समस्या का समाधान कराने का दिया था भरोसा**

#### रास्ते पर रहता है ज्यादा आवागमन

पार्षद बठला ने बताया कि जिस जगह पर अब कूड़ा डाला जा रहा है, उस सड़क से बड़ी संख्या में लोगों को आवागमन होता है। पास में ही सैनी स्कूल भी है, जिसके बच्चे यहां से निकलते हैं। सिविल अस्पताल का दूसरा गेट कुछ ही दूरी पर है। उन्होंने कहा कि उनके वार्ड में शहर के कई हिस्सों का कूड़ा डाला जा रहा है, जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बारिश में कूड़े के ढेर की दुर्गंध लोगों का यहां से निकलना तक मुश्किल कर देगी। स्कूली बच्चों को भी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि शहर में किसी अन्य स्थान पर डंपिंग यार्ड बनाया जाए, ताकि लोगों को परेशानी नहीं हो।

#### कूड़ा डालने के स्थान की तलाश

शहर में कूड़ा डालने के लिए स्थान तलाश किए जा रहे हैं। जगह के अभाव में कहीं न कहीं तो कूड़ा एकत्रित किया ही जाता है। अधिकारियों से बातचीत के बाद ऐसे प्वाइंट निर्धारित करने की योजना है, जिससे आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

- विनीता पीपल, चेयरमैन नगर परिषद।

## राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष के खिलाफ प्रदर्शन



रेवाड़ी। नागरिक अस्पताल में धरना-प्रदर्शन करते नर्सिंग स्टाफ।

- नर्सिंग स्टाफ ने की दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल, बाधित रहीं स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मंगलवार को प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के नर्सिंग स्टाफ ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया के खिलाफ दो घंटे की सांकेतिक हड़ताल कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अस्पतालों की अधिकांश स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं। नर्सिंग कर्मियों ने अस्पताल परिसर में धरना देकर अपनी नाराजगी जताई। इस मौके पर नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि कुरुक्षेत्र में एक नर्सिंग अधिकारी के साथ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष की ओर से किया गया व्यवहार अत्यंत आपत्तिजनक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि किसी महिला कर्मचारी के बारे में अपशब्द कहना और सार्वजनिक रूप से उसकी बेइज्जती करना उचित नहीं है। नर्सिंग स्टाफ ने कहा कि रेणु भाटिया स्वयं एक महिला हैं, इसलिए उन्हें महिलाओं के सम्मान का ध्यान रखना चाहिए। नर्सिंग कर्मियों ने आरोप लगाया कि इस घटना से पूरे नर्सिंग समुदाय के मान-सम्मान को ठेस पहुंची है। चेतावनी दी कि यदि रेणु भाटिया माफी नहीं मांगती हैं तो नर्सिंग कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।

#### रेणु भाटिया के खिलाफ रोष

हरियाणा नर्सिंग एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेशभर में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सांकेतिक हड़ताल आयोजित की गई। नर्सिंग स्टाफ ने कुरुक्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म की घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। 7 जून को कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी सिविल अस्पताल में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया ने दुष्कर्म पीड़िता के मामले की जानकारी लेने के दौरान पीएमओ डा. सारा अग्रवाल तथा ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ को फटकार लगाई थी। इसी घटना को लेकर प्रदेशभर के नर्सिंग कर्मियों में रोष व्याप्त है।

## भगवान की शरण में जाकर जीवन को कर सकते हैं सार्थक : आचार्य लखन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

शहर के गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन आचार्य लखन महाराज ने कहा कि भागवत कथा हमें भगवान की शरण में जाना सिखाती है। उन्होंने कहा कि समय रहते भगवत जप, आराधना, भजन कीर्तन, नाम संकीर्तन से हम कलयुग में भगवत प्राप्ति कर सकते हैं। श्रीमद् भागवत कथा का अधिक मास में विशेष महत्व बताया गया है। इसे सुनने से मनुष्य शरीर के तमाम कष्ट दूर होते हैं व भगवान में आसक्ति बढ़ती है। उन्होंने नाम जप की महता तथा संत समागम को कलयुग में उद्धार करने का मंत्र बताए। उन्होंने कहा कि कथा को सरल भाषा में समझाने के लिए कथा वाचक अपने-अपने ढंग से व्याख्या कर आमजन को जीवन शैली में सुधार लाने के लिए उपदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की शरण में जाकर ही अपने जीवन को सार्थक किया जा सकता है। पूर्ण रूप से भागवत आश्रय भगवत गीता से मिलता है। हमें अपने बच्चों से उम्मीद करने की बजाय स्वयं भगवान के प्रति आशावान रहकर भजन कीर्तन एवं नाम जप करना चाहिए।



रेवाड़ी। भागवत कथा का वाचन करते लखन महाराज।

### आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति के लिए योग अचूक साधन : प्रदीप

**बावल।** गवर्नमेंट कॉलेज बावल में अंतरराष्टÑीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजत दो दिवसीय योग कार्यक्रम का मंगलवार को समापन किया गया। कार्यक्रम के तहत योग ट्रेनिंग और विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करने के साथ इसे दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धरचाणा डीपीएस स्कूल के शारीरिक शिक्षा अध्यापक और योग प्रशिक्षक प्रदीप कुमार उपस्थित थे। उन्होंने कॉलेज के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं को योग के विभिन्न आसनों और प्राणायाम का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक शांति और शारीरिक तंदुरुस्ती के लिए योग एकमात्र अचूक साधन है। कॉलेज प्राचार्य डा. नमिता ने मुख्य अतिथि को योग के प्रचार-प्रसार में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में योगाभ्यास करते हुए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## योग मैराथन 15 जून को, युवाओं से शामिल होने का करें आह्वानः एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से 15 जून को सुबह 6:30 बजे योग मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह मैराथन राव तुलाराम स्टेडियम से शुरू होकर पंडित नेकीराम चौक से होते हुए वापस राव तुलाराम स्टेडियम तक आयोजित की जाएगी। एसडीएम ने मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने खेल विभाग व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आमजन खासकर युवाओं को योग के प्रति प्रेरित करते हुए योग मैराथन में भाग लेने का आह्वान करें। एसडीएम ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन में भी सहायक है। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. बसंत, स्वास्थ्य विभाग से डा. भंवर सिंह व बीडीपीओ शुभम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



रेवाड़ी। अधिकारियों की बैठक लेते एसडीएम सुरेश कुमार। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। लोगों के पहचान पत्रों की जांच करती पुलिस। फोटो : हरिभूमि

### रोहिंग्या का पता लगाने को चलाया अभियान

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस ने मंगलवार को स्वैत टीम के साथ थाना कसोला व बोवल क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया। अभियान के तहत पुलिस ने झुग्गी-झोपड़ियों, होटल व पोल्ट्री फार्म सहित अन्य स्थानों पर अवैध तरीके से रहने वाले संदिग्ध लोगों की जांच की। इस दौरान पुलिस टीम ने बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी लेकर उनके पहचान पत्रों व वाहनों के कागजातों की भी जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट नहीं है। जिला पुलिस बाहरी लोगों की पहचान के लिए विशेष अभियान चला रही है और यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। सुरक्षा की दृष्टि से बाहरी लोगों की पहचान होना अत्यंत आवश्यक है। एसपी ने सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र में सरकार अप्रवासी रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करके उनको वापस भेजने की प्रक्रिया अमल में लाने के निर्देश दिए है।

### ग्रामीणों से नशे से दूर रहने का आह्वान

**रेवाड़ी।** पुलिस के जिले को नशा मुक्त और समाजिक जागरूकता की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं। निरीक्षक रामपाल के नेतृत्व में गठित नशा मुक्ति टीम ने मंगलवार को गांव बखापुर व कसोली का दौरान कर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया तथा साइबर अपराधों व यातायात के नियमों की जानकारी दी। इस अवसर पर नशा मुक्ति टीम ने कहा कि नशा व्यक्ति के शरीर, परिवार और समाज तीनों का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि युवाओं का भविष्य भी अंधकारमय कर देता है। उन्होंने ग्रामीणों से जिदंगी को हां-नशे का न अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इस मौके पर ग्रामीणों को साइबर अपराध के खतरों से भी अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि सभी सतर्क रहकर अपनी निजी जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ साझा न करें। किसी भी साइबर ठगी होने पर साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चलाते समय यातायात के नियमों का पालन जरूर करें। वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग और यातायात संकेतों का पालन अनिवार्य है।



रेवाड़ी। ग्रामीणों को जानकारी देते हुए पुलिस कर्मी। फोटो : हरिभूमि

## खोला ने नाम के दुरूपयोग का लगाया आरोप, जांच की मांग

- कहा- जिस डंपर पर उनका नाम लिखा उससे उनका सरोकार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पीपीपी के स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर उनके नाम का दुरूपयोग करते हुए आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित की जा रही है। सतीश खोला लिखे हुए एक डंपर को दर्शाया जा रहा है, जिससे उनका कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा से मामले की जांच व कार्रवाई की मांग है। एसपी के नाम शिकायत में डॉ. खोला ने बताया कि पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर एक बिना नंबर प्लेट वाले मैटेरियल सप्लाई करने वाले डंपर के फोटो और वीडियो उनके नाम के साथ वायरल किए जा रहे हैं। डॉ. खोला ने स्पष्ट किया कि उनका उस वाहन के स्वामित्व, संचालन या किसी भी प्रकार का कोई लेना-देना नहीं है। इसके बावजूद कुछ अज्ञात व्यक्ति जानबूझकर उनका नाम जोड़कर भ्रामक प्रचार कर रहे हैं, जिससे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। गलत धारणाएं बनाए जाने का आरोपउन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया टिप्पणियों, फोन कॉल और संदेशों के माध्यम से उनके बारे में गलत धारणाएं बनाई जा रही हैं, जिसके कारण उन्हें मानसिक तनाव हो रहा है।

### शिक्षा के बल पर सपने साकार करें विद्यार्थी

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए निरंतर मेहनत और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण आधार हैं। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर पूरी लगन और समर्पण के साथ तैयारी करनी चाहिए। शिक्षा के बल पर ही वे अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। डीसी ने सोमवार को बाल भवन में वाईकेके कंपनी के सहयोग तथा एलेक्स संस्थान के समर्थन से शुरू की गई नीट एवं जेईई वर्चुअल क्लास का शुभारंभ किया। डीसी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सरकारी विद्यालयों एवं आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों को नाममात्र शुल्क पर उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व बावल बाल भवन में भी नीट और जेईई की तैयारी के लिए वर्चुअल क्लास शुरू की जा चुकी हैं। डीसी ने सीएसआर के तहत सहयोग प्रदान करने के लिए कंपनी और संस्थान की सराहना की। इस अवसर पर डीसी ने जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा संचालित विभिन्न प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले युवाओं को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में बच्चो के साथ डीसी व अन्य अधिकारी।

### शिविर में युवाओं को दिया योग अपनाने का संदेश

# स्वस्थ युवा ही विकसित राष्ट्र का कर सकते हैं निर्माण

**योग साधकों को योगासन, प्राणायाम एवं योग क्रियाओं का अभ्यास कराया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पतंजलि परिवार के तत्वावधान में शहीद दशरथ राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पीथड़ावास में चल रहे पांच दिवसीय योग जागरूकता शिविर के तीसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता अमन धामलावास ने किया। भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी मुकेश कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में पतंजलि योग समिति की जिला महिला प्रभारी सरोज आर्या तथा भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के महामंत्री श्याम सुंदर ने योग साधकों को योगासन, प्राणायाम एवं विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत की पहचान योग और संस्कृति से है। आज पूरा विश्व योग की शक्ति को स्वीकार कर रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं को मोबाइल और सोशल मीडिया की अत्यधिक निर्भरता से बाहर निकलकर अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना चाहिए। योग व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवा ही सशक्त समाज और विकसित राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने पतंजलि परिवार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में चलाए जा रहे योग जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक जागरूकता का भी संदेश देते हैं।



रेवाड़ी। राजकीय विद्यालय में योगाभ्यास करते हुए ग्रामीण व बच्चे।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम जांगिड़ ने ग्रामीणों के साथ मुख्य अतिथि का पौधा भेंट कर सम्मान किया। शिविर में शिविर संयोजक अमृत कुमार, प्रवक्ता यशवंत राव, अध्यापक महेश कुमार, अभियंता मनोज कुमार, कोच राहुल शर्मा, मोहित कुमार, रवि कुमार, नितेश कुमार, एडवोकेट गजेश कुमार, सुमित कुमार, हमीर सिंह, भीम चंद पंच व हरबीर सहित अनेक ग्रामीण व बच्चे मौजूद थे।

### महिलाओं ने निकाली योग जागरण यात्रा

**रेवाड़ी।** आयुष योग विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में जिले के गांवों और योगशालाओं में आयुष योग सहायकों की ओर से योग जागरण यात्रा निकाली जा रही है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. बसंत सोनी के मार्गदर्शन में सभी योग सहायक योग को बढ़ावा देने और आमजन को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। मंगलवार को योगशाला फदनी में आयुष योग सहायक पिंकी यादव ने बच्चों को योगभ्यास कराने के बाद योग जागरण यात्रा निकाली। योग साधकों ने ग्रामीणों को नियमित योग के लिए प्रेरित किया। योगाचार्य राकेश छिल्लर ने कहा कि योग से समस्त मानव जीवन का कल्याण सुनिश्चित है। योग से शारीरिक मानसिक आध्यात्मिक और सामाजिक विकास होता है। यात्रा में रश्मि, दया, बसंती, अनचाही, ओमवती, जगदीश, तेजराम, मदन, यशिका, अंशु, डुग्गू, भावना, ध्रुव, नमन, हर्ष, नितिन व राहुल ने भाग लिया।

### 246 श्रद्धालु सोमनाथ यात्रा पर रवाना

**रेवाड़ी।** भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय तथा हरियाणा सरकार के सहयोग से आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत विशेष रेलगाड़ी को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से सोमनाथ के लिए रवाना किया। रेवाड़ी जंक्शन पर ट्रेन के आगमन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेवाड़ी, झज्जर, चरखी दादरी, महेंद्रगढ़ एवं भिवानी जिलों से 246 श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं तथा ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली भी मौजूद थी। विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाया जा रहा है। इसी के तहते वरिष्ठ नागरिकों को सोमनाथ दर्शन का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली**
**खण्ड खोल, जिला रेवाड़ी हरियाणा (स्कूल कोड-2539)**
Mob: 7015215697 Email:gssspalirewari@gmail.com

**नीलामी सूचना**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाली (2539) खण्ड खोल (रेवाड़ी) के जर्जर स्कूल भवन के 20 कमरे व बरामदा के सामान की खुली बोली द्वारा नीलामी सोमवार दिनांक 15/06/2026 को प्रातः 10:00 बजे स्कूल प्रांगण में की जाएगी। प्रत्येक बोली दाता को जमानत राशि 30,000/- रुपये नीलामी के दिन विद्यालय मुखिया के पास जमा करवाने होंगे। नीलामी से संबंधित अन्य शर्तें मौके पर बताई जाएंगी। नीलामी समिति का फैसला अंतिम होगा।

प्राचार्य एवं एस.एम.सी.
रा० व० मा० विद्यालय पाली (2539)
खण्ड खोल, जिला रेवाड़ी (संपर्क- 9812838650

## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों को करवाया सूर्य नमस्कार का अभ्यास

**रेवाड़ी।** पतंजलि परिवार की ओर से मंगलवार को गांव निमोठ में 4 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारंभ किया गया। जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति नरेश कुमार और दयानंद आर्य जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट ने मिलकर योग साधकों को 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से संबंधित प्रोटोकॉल के अभ्यास, योगिंग जॉगिंग व सूर्य नमस्कार प्राणायाम का अभ्यास कराया।

### ईंट-भट्ठे से श्रमिक की बेटी लापता

**कोसली।** क्षेत्र के एक ईंट-भट्ठे से श्रमिक की बेटी बिना किसी को कुछ बताए लापता हो गई। लड़की के पिता ने नाहड़ पुलिस चौकी में दी शिकायत में बताया कि वह ईंट-भट्ठे पर अपने परिवार के साथ रह रहा है। उनकी साढे अठारह वर्षीय लड़की रविवार को बिना बताए ईंट भट्ठे से चली गई। उन्होंने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पिता की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में घायल कंपनी कर्मी की मौत

**बावल।** इंडस्ट्रियल एरिया में बीते रविवार की रात हुए सड़क हादसे में घायल कंपनी कर्मचारी की रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी। पलवल जिले के गांव रिबड़ निवासी 31 वर्षीय सुंदरलाल औद्योगिक क्षेत्र की एक कंपनी में नौकरी करता था। वह रविवार की रात बाइक लेकर जा रहा था।

### खड़गवास में जोहड़ में डूबने से युवक की मौत

**रेवाड़ी।** खड़गवास गांव के जोहड़ में डूबकर लाखनौर के एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को जोहड़ से निकलवान के बाद पोस्टमार्टम करा दिया। लाखनौर निवासी 35 वर्षीय राकेश किसी काम से घर से बाहर गया था। वह घर नहीं लौटा। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने उसके लापता होने की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई थी। मंगलवार सुबह खड़गवास के ग्रामीणों ने गांव के जोहड़ में शव पड़ा देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी।

### स्वास्थ्य विभाग में 45 ब्रीडिंग चेकर्स की नियुक्ति के लिए आवेदन 11 तक

**रेवाड़ी।** आगामी डेंगू-मलेरिया के सीजन को देखते हुए अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक हरियाणा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला रेवाड़ी में सर्वे के लिए 45 ब्रीडिंग चेकर्स की तैनाती की जानी है, जिसके लिए इच्छुक व्यक्ति अपने डॉक्यूमेंट्स जिला मलेरिया कार्यालय में 11 जून तक जमा करा सकते है।

---

शहर में नालों व सीवर की सफाई का धीमा चल रहा कार्य, अनाज मंडी में ओवरफ्लो सीवर से बढ़ी परेशानी

# मानसून नजदीक आने से लोगों को सताने लगी चिंता, गंदगी से सरोबार नाले, उफान मार रहे सीवर

**नगर परिषद की ओर से प्रति वर्ष नालों की सफाई के लाखों के टेंडर करने के बाद भी सफाई ठीक से नहीं की जाती**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

जैसे-जैसे मानसून आने का समय नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे शहरवासियों को जलभराव की चिंता सताने लगी है। पिछले एक दशक से शहर में बरसात के समय पानी निकासी के उचित प्रबंध नहीं होने के कारण लोगों को जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है। नगर परिषद की ओर से प्रति वर्ष नालों की सफाई के लाखों के टेंडर करने के बाद भी सफाई ठीक से नहीं की जाती है। अधिकारियों की ओर से कार्र्य की मॉनिटरिंग नहीं किए जाने के कारण ठेकेदार की ओर से खानापूर्ति कर दी जाती है, जिससे न तो सभी नाले साफ हो पाते है और न ही नालों की पूरी तरह गंदगी निकाली जाती है। हालांकि नगर परिषद की ओर से कुछ बरसाती नालों की सफाई का कार्य शुरू कराया गया है, लेकिन कार्य धीमी गति से चलने के कारण समय निकलता जा रहा है और लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। वर्तमान में कई जगह नालों के कवर उनके अंदर पड़े हुए है, जबकि कई जगह तो नालों का गंदा पानी बाहर सड़क तक फैल रहा है।

सिटी पल्स



रेवाड़ी। सती कॉलोनी के सामने मोड पर जमा नाले का पानी। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। अनाजमंडी में ओवरफ्लो हो रहा सीवर। फोटो : हरिभूमि

### नाईवाली चौक से अग्रसेन चौक हो जाता लबालब

बरसात के समय नाईवाली चौक से अग्रसेन चौक, भाड़ावास गेट, सिविल अस्पताल, रेलवे रोड, बस स्टैंड, मॉडल टाउन में हिंदू स्कूल के सामने, बावल रोड, सेक्टर-1 व नई आबादी क्षेद्ध पूरी तरह पानी से लबालब हो जाता है। इन इलाकों में तीन से चार घंटे तक पानी खड़ा रहता है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ती है। पिछने दिनों डीसी अभिषेक मीणा ने विभागों को नालों व सीवर की साफ-सफाई करने के आदेश दिए थे, लेकिन 10 दिन से ज्यादा समय बीत जाने के बाद भी कार्रवाई न के बराबर है। हालांकि पब्लिक हेल्थ की टीमों ने सीवरेज सफाई का कार्य शुरू कर दिया था, लेकिन अभी भी काफी जगह सीवर ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़क पर बह रहा है।

### अनाजमंडी के दयनीय हो रहे हालात

अनाजमंडी व सब्जीमंडी की सफाई व्यवस्था का जिम्मा मार्केट कमेटी के अधीन है। अनाजमंडी में वर्तमान में कई जगह सीवर ओवरफ्लो होकर गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे चारों ओर दुर्गंध फैलने के साथ व्यवस्था भी बिगड़ रही है। बरसात में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए अनाजमंडी में पिछले वर्ष बरसात के पानी की निकासी के लिए फड के पास से पाइप लाइन डाली गई थी, लेकिन वर्तमान में ये पाइप लाइन चौक पड़ी हुई है। साथ ही फड के पास बने वाटर हार्वेस्टिंग चेंबर भी गंदगी से लबालब है। बरसात आने पर इन चेंबरों के पानी पानी खड़ा रहता है।

### विभाग जलभराव से निपटने को तैयार: एक्सईएन

मानसून से पहले शहर के सभी नालों की सफाई कराने के पूरे प्रयास किए जा रहे है। कई नालों की सफाई भी चल रही है। आगामी दिनों में कार्य को गति दी जाएगी ताकि लोगों को जलभराव की समस्या से निजात मिल सकें।

-अंकित वशिष्ठ, एक्सईएन, नगर परिषद।

---

## बैंक खातों से 1.50 लाख रुपये उड़ाने के दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

सरस्वती विहार में रह रहे मूल रूप से यूपी के संत रविदास नगर भदोई जिला के गांव मीरापुर निवासी युवक के दो बैंक खातों से 1.50 लाख रुपये उड़ाने के मामले में साइबर थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में सरस्वती विहार निवासी योगेश कुमार ने बताया था कि गत 23 अप्रैल को उसके मोबाइल फोन पर मैसेज आया था। मैसेज में उसके यूनियन बैंक खाते से 1 लाख रुपये और एसबीआई के खाते से 50 रुपये निकलने की सूचना थी। उसने न तो किसी के साथ ओटीपी शेयर किया था और न ही किसी लिंक पर क्लिक किया था। उसने दोनों बैंकों के कस्टमयर केयर नंबर पर संपर्क किया तो उसे बताया कि उसके खातों से पैसों की निकासी की गई है। साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर 11 मई को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### आरोपी के खाते में गए थे एक लाख

जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में यूपी के जिला बलरामपुर के रतनपुर गांव निवासी राहुल चौधरी और सिद्धार्थ नगर जिले के गांव बुद्धी खास निवासी महफूज आलम को गिरफ्तार कर लिया। राहुल चौधरी के बैंक खाते में ठगी के 1 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे, जबकि महफूद ने साइबर ठगों को खाता मुहैया कराने में मध्यस्थ की भूमिका निभाई थी। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

## पुलिस को देखकर भागने लगा युवक पकड़े जाने पर बरामद हुई देशी पिस्टल

**बावल।** झाबुआ में शराब के ठेके पास खड़ा एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा करते हुए पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से देशी पिस्टल बरामद हुआ। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट से एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। मंगलवार सुबह थाना बावल पुलिस की गाड़ी गश्त पर थी। जब पुलिस झाबुआ में शराब के ठेके के पास पहुंची, तो वहां मौजूद एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। उसके भागते ही पुलिस को संदेह हो गया। पीछा करते हुए पुलिस ने उसे काबू कर लिया। तलाश लेने पर उसके कब्जे से देशी पिस्तौल बरामद हुई। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। बाद में उसे कोर्ट में पेश करते हुए एक दिन के रिमांड पर ले लिया।

## ब्रेकर पर कार टकराने के बाद बदमाशों के दो गुटों में झड़प

**रेवाड़ी।** सोमवार की रात कुतुबपुर के पास नारनौल रोड पर दो कार टकराने के बाद दो गुटों के बीच जमकर झड़प हो गई। दोनों गुटों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। रामपुरा पुलिस ने एक गाड़ी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार ब्रेकर पर दो कार भिड़ने के बाद उनके सवार युवकों के बीच जमकर हाथापाई हुई। इसके बाद दोनों पक्षों की ओर से अन्य युवकों को भी बुला लिया गया। लाठी-डंडों से लैस युवकों ने जमकर मारपीट करते हुए एक कार के शीशे तोड़ दिए। दोनों गुटों के मुखिया आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहे हैं। उनके खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो युवक वहां से फरार हो गए। पुलिस ने वहां खड़ी एक क्षतिग्रस्त कार को कब्जे में ले लिया। बाद में पुलिस ने जांच शुरू कर दी। एसएचओ संजय कुमार के मुताबिक अभी किसी पक्ष की ओर से शिकायत नहीं दी गई है। शिकायत मिलने के बाद ही केस दर्ज किया जाएगा।

## चुनाव में धांधली के आरोपों को लेकर सुनवाई

**आज आ सकता है कोर्ट का फैसला**





मनीषा सैनी



दीपा रस्तोगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। धारूहेड़ा

बीते 10 मई को हुए धारूहेड़ा नगर पालिका के चुनावों में वार्ड नं. 16 की पराजित प्रत्याशी की ओर से दायर की गई याचिका पर सुनवाई के दौरान मंगलवार को दोनों पक्षों के वकीलों की बहस पूरी हो गई। चुनाव अधिकारी कम एसडीएम कोर्ट में पेश नहीं हो सके। अब बुधवार को एसीजे कोर्ट इस मामले में अपना फैसला सुना सकती है। 3 मतों से पराजित प्रत्याशी ने कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया था कि मतदान के दौरान ऐसे लोगों की वोट भी डाली गई, जो अस्पताल में दाखिल थे। इन चुनावों में वार्ड नं. 16 से मनीषा सैनी 3 मतों से दीपा रस्तोगी को हराकर पार्षद बनी हैं। चुनाव परिणाम आने के बाद दीपा रस्तोगी के एजेंट ने पीठासीन अधिकारी को शिकायत दर्ज कराई थी। एजेंट की बात को गंभीरता से नहीं किया गया। उन्होंने कोर्ट में आरोप लगाया कि मतदान के दौरान ऐसे लोगों के वोट डाले गए, जो उस समय अस्पताल में दाखिल थे। इसके बावजूद पीठासीन अधिकारी ने उनकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की।

### 3 वोटरों के अस्पताल में होने का दावा

कोर्ट में दायर याचिका में बताया गया है कि मतदान के दिन राकेश, गुरपाल व सोनिया अस्पताल में दाखिल थे। उसका रिकॉर्ड भी कोर्ट को दिखाया गया। ऐसे में उनकी वोट कैसे डाली गई। उन्होंने आरोप लगाया था कि मतदान के दौरान पारदर्शिता के अभाव के चलते बोगस वोट डाली गई, जिससे मनीषा सैनी तीन मतों से चुनाव जीत गई। बहरहाल इस मामले में 10 जून को कोर्ट अपना फैसला सुना सकती है।

## पत्नी से विवाद के बाद लापता युवक का सुराग नहीं लगा

**पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

यादव नगर में दंपति के बीच विवाद के बाद लापता हुए पति का कोई सुराग नहीं लगने पर रामपुरा थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। पारिवारिक विवाद में सास-बहू दोनों एक-दूसरे पर युवक को बंदी बनाने का आरोप लगा रहे हैं। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू कर दी। पूजा और उसका पति भूपेंद्र यादव नगर में रह रहे हैं। भूपेंद्र की मां ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि 1 जून को पूजा और भूपेंद्र के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसी दौरान पूजा का फुफेरा भाई नांगल निवासी अंकित भी वहां आया हुआ था। उसने आरोप लगाया कि अंकित ने भूपेंद्र के साथ मारपीट की। इसके बाद वह दीवार फांदकर घर से भाग गया। तब से लेकर उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका है। उसे अपने बेटे को बंधक बनाए रखने का आरोप लगाया है। दूसरी ओर पूजा भी सास पर उसके पति को छुपाने का आरोप लगा रही है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



लापता युवक का फाइल फोटो

## मायण गांव की बणी में फांसी पर लटका मिला शव

**रेवाड़ी।** मायण गांव में गत सोमवार को घर से अचानक लापता हुए युवक का शव गांव की बणी में पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। गांव निवासी 38 वर्षीय रामशरण गत सोमवार को घर से निकला था। वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी रात को ही काफी तलाश की, उसका कोई पता नहीं चल सका। मंगलवार सुबह गांव की बणी की ओर घूमने के निकले ग्रामीणों ने पेड़ से शव लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। थाना खोल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को मौके पर बुलवाया। इसके बाद शव को फंदे से उतारा गया। मृतक की शिनाख्त रामशरण के रूप में होने के बाद पुलिस ने शव का सामान्य अस्पताल से पोस्टमार्टम करा दिया। पुलिस के अनुसार मृतक शराब का आदि था। माना जा रहा है कि शराब के नशे में उसने फांसी लगाकर जान दी है।

■ पुलिस के अनुसार मृतक शराब का आदि था

## लघुशंका के लिए गया दुकानदार चंद मिनट में 20 हजार रुपये गायब

**रेवाड़ी।** पटौदी रोड पर एक सुपर स्टोर का मालिक पास में ही लघुशंका के लिए गया, तो पीछे से चोरों ने उसके गल्ले से 20 हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस शिकायत में दुर्गा कॉलोनी निवासी संजय ने बताया कि उसने पटौदी रोड पर सुपर स्टोर के नाम से घर के अंदर ही दुकान की हुई है। उसकी पत्नी बेटी को पेपर दिलाने के लिए दिल्ली गई हुई थी। कुछ देर के लिए पास में ही लघुशंका के लिए गया था। वापस आने पर उसे गल्ले से 20 हजार रुपये गायब मिले। पड़ोस में लगा सीसीटीवी कैमरा भी गायब मिला। आरोप लगाया कि पास में ही भवन निर्माण का कार्य चल रहा है। इसमें लगे श्रमिकों में से ही किसी ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। सदर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद श्रमिकों से पूछताछ शुरू कर दी।

■ पुलिस ने शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू की



अस्वी यादव।

## राष्ट्रीय मंच पर छाई अस्वी यादव कथक नृत्य में जीते पुरस्कार

**रेवाड़ी।** देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की नृत्य, संगीत एवं कला प्रतियोगिता तारांगण-2026 में रेवाड़ी की अस्वी यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार प्रतिष्ठित पुरस्कार अपने नाम किए। आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा अस्वी ने कथक और सेमी-क्लासिकल नृत्य की विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर न केवल अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी राष्ट्रीय मंच पर रोशन किया। प्रतियोगिता में अस्वी ने कथक एकल नृत्य तथा सेमी-क्लासिकल एकल नृत्य में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सेमी-क्लासिकल युगल नृत्य और कथक समूह नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। अस्वी की उपलब्धि के पीछे उनके गुरु जितेंद्र चौहान का योगदान रहा। माता-पिता डा. अल्पना यादव एवं अमन यादव ने भी हर कदम पर अस्वी का उत्साहवर्धन किया।

■ नृत्य, संगीत एवं कला प्रतियोगिता आयोजित

## रोटरी क्लब ने प्रोजेक्ट पंख के तहत 25 मेधावी छात्राओं को वितरित की साइकिलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

रोटरी क्लब ऑफ रेवाड़ी मेन की ओर से सामाजिक उत्तरदायित्व एवं बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रोजेक्ट पंख के अंतर्गत 25 जरूरतमंद एवं मेधावी छात्राओं को साइकिलें वितरित की गईं। कार्यक्रम का आयोजन बावल रोड स्थित भार्गव कॉम्प्लेक्स में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डीसी अभिषेक मीणा ने शिरकत की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली भी मौजूद रही। इस अवसर पर डीसी मीणा ने कहा कि प्रोजेक्ट पंख केवल साइकिल वितरण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को पंख देने की एक सार्थक पहल है। शिक्षा तक आसान पहुंच प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और जब समाज की संस्थाएं इस दिशा में आगे आती हैं तो उसका सकारात्मक प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाली अनेक छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। साइकिल मिलने से उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी, समय की बचत होगी तथा वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने रोटरी क्लब के प्रयास की प्रशंसा की।



रेवाड़ी। छात्राओं को साइकिलें वितरित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

बजरंग बली के चरणों में समर्पित कार्यक्रम 'राम काज किये बिना मोहे कहां विश्राम' मनाया गया

## रामायण बने न श्रीराम के बिना रामजी चले न हनुमान के बिना : सोनिया

**श्रृद्धालुओं ने वीर हनुमाना अति बलवाना भजन पर नृत्य का आनन्द लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रेवाड़ी

वीर भगतसिंह युवा दल की ओर से मंगलवार को बजरंग बली के चरणों में समर्पित कार्यक्रम 'राम काज किये बिना मोहे कहा विश्राम' का आयोजन आशियाना वृद्धाश्रम में किया गया। इस मौके पर आशियाना वृद्धाश्रम के अध्यक्ष दिनेश राजपाल व युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि हनुमान जी व सुग्रीव वानर यूथ के साथ माता सीता की खोज करते हुए समुद्र तट पर आ पहुंचे। जहां गिद्धराज सम्पाति ने बताया कि सीता माता लंका में अशोक वाटिका में हैं। अब समस्या हुई कि इतने विशाल सागर को कैसे पार करें। इस समय जामवंत ने हनुमानजी को उनकी दिव्य शक्तियों के बारे में बताया। हनुमान जी को अपनी शक्तियों का ज्ञान हुआ। उन्होंने विशाल रूप बनाया और लंका की ओर उड़ चले। देवताओं की मां सुरसा उनकी परीक्षा लेने के लिए आई। हनुमान जी ने बड़ी बुद्धिमत्ता से माता सुरसा को संतुष्ट किया। समुद्र में से मैनाक पर्वत प्रकट हुए और हनुमानजी से प्रार्थना की कि समुद्र बहुत विशाल है तो उस पर थोड़ी देर आराम कर लो। हनुमान जी ने विनम्रतापूर्वक उत्तर दिया, राम काज किए बिना मोहे कहा विश्राम। उनका उत्तर सुन देवताओं ने उन पर पुष्प वर्षा की। सोनिया पोपली ने रामायण बने न श्रीराम के बिना रामजी चले न हनुमान के बिना भजन सुनाया। सभी ने वीर हनुमाना अति बलवाना भजन पर नृत्य का आनन्द लिया। कार्यक्रम में उपप्रधान हेमंत ग्रोवर, सुदर्शन मेहंदीरत्ता, निशा सीकरी, सोनिया, कुलदीप सोनी, डा. देवेन्द्र, प्रेम, खुशीराम, रजनी, शशी, विक्रम सिंह, हजारी लाल, डाल चन्द, महावीर व उमेद सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि